बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 26 अप्रैल, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

आज दिनांक 26.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के द्वितीय चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर तथा बाँका) के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। आगे चतुर्थ चरण के लिए आज दिनांक 26.04.2024 को स्क्रूटनी की तिथि नियत थी। प्राप्त सूचनानुसार दरभंगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल बीस (20) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद आठ (08) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल तेईस (23) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद तेरह (13) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। समस्तीपुर–अ0जा0 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल चौदह (14) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद बारह (12) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। बेगुसराय लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल चौदह (14) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद दस (10) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल तेरह (13) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद तेरह (13) अभ्यर्थी चुनाव में हैं।

इसके अतिरिक्त आज दिनांक 26.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के पाँचवें चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण तथा हाजीपुर–अ0जा0) मे चुनाव हेतु अधिसूचना निर्गत होने के साथ ही नाम निर्देशन का प्रथम दिन था। उक्त पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् हैः–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
मधुबनी		शून्य	शून्य	
सीतामढ़ी	01	देवेश चन्द्र ठाकुर	जनता दल युनायटेड (जदयू)	
	02	विनोद साह	निर्दलीय	
	03	कृष्ण कुमार	निर्दलीय	
मुजफ्फरपुर	01	राज भूषण चौधरी	भारतीय जनता पार्टी	
	02	संजय कुमार	निर्दलीय	
सारण	01	लालू प्रसाद यादव	राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी	
	02	आरती कुमारी	निर्दलीय	
हाजीपुर–अ0जा0	01	मधुसुधन पासवान	निर्दलीय	
	02	धर्मेन्द्र कुमार	जनतंत्र आवाज पार्टी	

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के

मामले में भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में आठ (08) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत दो (02)। इस संदर्भ में सात (07) एफआईआर दर्ज हैं।

दिनांक 25.04.2024 को कुल **₹0.34800**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–36752.88(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹78.80575**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹56.78100**(लाख) रूपये मूल्य के 137711.24(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। वहीं कीमती धातुओं की बात है तो कुल **₹0.70000**(लाख) रूपये मूल्य के 10.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹130.37991**(लाख) रूपये मूल्य की 136413.00 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹267.01466**(लाख) रूपये मूल्य की कुल जब्ती प्रतिवेदित है।

प्राप्त सूचनानुसार आदर्श आचार संहिता के दिनांक 16.03.2024 से लागू होने से लेकर दिनांक 25.04.2024 तक राज्य में कुल **₹529.54495**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–938862.65(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹3222.95346**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹2798.31546**(लाख) रूपये मूल्य के 6550414.63(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। वहीं कीमती धातुओं की बात है तो कुल **₹811.074696**(लाख) रूपये मूल्य के 73106.70(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹5724.90528**(लाख) रूपये मूल्य की 17496984.44 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹13087.46610**(लाख) रूपये मूल्य की कुल जब्ती प्रतिवेदित है।